# बिलिंग और संग्रहण नीति
## मिनेसोटा

Billing and Collection Policy (Hindi)
Minnesota

**आंतरिक राजस्व संहिता की धारा 501(r) और लागू राज्य कानून के अनुसार संशोधित.**

## नीति

यह Mayo Clinic और Mayo Clinic से जुड़े अस्पतालों और क्लीनिक ("Mayo Clinic") की नीति है कि वे उन रोगियों से बकाया रकम लें जिन लोगों में सेवाओं के लिए भुगतान करने की क्षमता है. Mayo Clinic उन रोगियों की पहचान करने के लिए पूरी कोशिश करेगा जिन्हें वित्तीय सहायता की ज़रूरत हो सकती है. बीमा की स्थिति पर ध्यान दिए बिना, सभी रोगियों पर बकाया रकम लेने की प्रक्रिया लगातार और निष्पक्ष रूप से लागू की जाएगी. सभी संग्रह प्रक्रियाओं में लागू कानूनों और Mayo Clinic के मिशन का पालन किया जाएगा. जो रोगी, अपने बिल का पूरा या आंशिक भुगतान करने में असमर्थ हैं, उनके लिए लागू वित्तीय सहायता नीति या चैरिटी केयर नीति का पालन किया जाएगा.

पैसे लेने और भुगतान के सभी विकल्प खत्म हो जाने के बाद बकाया रकम लेने वाली एजेंसियों और कानूनी फ़र्म की सूची बनाई जाएगी. एजेंसियां उन मामलों को सुलझाने में मदद कर सकती हैं, जहां रोगी भुगतान करने में असहयोग करते हैं, उचित भुगतान नहीं किया है या धर्मार्थ देखभाल के लिए अपने अनुरोध के समर्थन में उचित वित्तीय और अन्य डेटा प्रदान करने के लिए अनिच्छुक हैं. बकाया रकम लेने वाली एजेंसियां और कानूनी फ़र्म के सभी कर्मचारी रोगी की गोपनीयता और व्यक्तिगत गरिमा को बनाए रखेंगे. सभी एजेंसियां और कानूनी फ़र्म, संरक्षित स्वास्थ्य जानकारी को संभालने के लिए HIPAA की शर्तों सहित सभी लागू कानूनों का पालन करेंगी.

## उद्देश्य

यह नीति रोगी खातों के संग्रहण के संबंध में उचित प्रक्रियाएं स्थापित करती है, जिसमें Mayo Clinic या अनुबंधित बाह्य संग्रहण एजेंसियों और कानूनी फर्मों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई भी शामिल है.

## सीमा

यह नीति, Mayo Clinic और मिनेसोटा में स्थित उससे कानूनी तौर पर जुड़े सभी अस्पतालों और क्लीनिक पर लागू होती है.

## नीति कथन

### रोगी के साथ बातचीत

Mayo Clinic निम्नलिखित तरीकों से चिकित्सा ऋण और चिकित्सा ऋण प्राप्ति के संबंध में मरीजों से संवाद करता है:
- रजिस्ट्रेशन, शेड्यूलिंग और चेक इन/चेक आउट प्रक्रियाओं के ज़रिए सेवाओं से पहले, दौरान और उनके बाद में रोगियों से व्यक्तिगत तौर पर बात करके
- रोगी की पसंद के मुताबिक, रोगी के पोर्टल या U.S. मेल के ज़रिए हर महीने लिखित जानकारी दी जाती है
- रोगी पोर्टल या U.S. मेल के जरिए लिखित पत्र और नोटिस
- रोगी को टेलिफ़ोन कॉल करके
- अगर रोगी अनुरोध करे, तो ईमेल से

### बकाया चिकित्सा ऋण

Mayo Clinic किसी रोगी या रोगी के परिवार या घर के किसी भी सदस्य को चिकित्सकीय रूप से आवश्यक स्वास्थ्य उपचार या सेवाएं देने से इनकार नहीं करेगा, क्योंकि रोगी या रोगी के परिवार या घर के किसी भी सदस्य पर स्वास्थ्य सेवा प्रदाता का कोई बकाया या पहले से बकाया चिकित्सा ऋण है, भले ही वह स्वास्थ्य उपचार या सेवा किसी अन्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से उपलब्ध हो. Mayo Clinic यह अनिवार्य कर सकता है कि बकाया चिकित्सा ऋण का प्रबंधन करने के लिए चिकित्सकीय रूप से आवश्यक उपचार या सेवाएं प्राप्त करने के लिए रोगी भुगतान योजना में शामिल हो.

इस संदर्भ में, चिकित्सकीय रूप से आवश्यक देखभाल को इस प्रकार परिभाषित किया गया है:
1. सुरक्षित और असरदार;
2. संघीय विनियम संहिता, शीर्षक 42, धारा 411.15(o) में दिए गए प्रावधानों को छोड़कर, एक्सपेरिमेंटल या इंवेस्टिगेशनल नहीं;
3. रोगी की बीमारी का पता लगाने या उपचार करने या शरीर के खराब हुए किसी अंग के कामकाज को बेहतर बनाने के लिए चिकित्सा पद्धति के स्वीकार्य मानकों के अनुपालन में प्रदान किया गया;

©2024 Mayo Foundation for Medical Education and Research

4. रोगी की चिकित्सा आवश्यकताओं और स्थिति के लिए उपयुक्त सेटिंग में प्रदान किया गया;
5. योग्य कर्मियों द्वारा आदेशित और प्रदान किया गया;
6. रोगी की चिकित्सीय आवश्यकता को पूरा करता है, परंतु उससे अधिक नहीं; और
7. कम से कम मौजूदा और उपलब्ध चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त विकल्प जितना ही लाभदायक है.

## संग्रह लेने के लिए अन्य कार्रवाई

चिकित्सा देखभाल के लिए बिल का भुगतान प्राप्त करने से संबंधित Mayo Clinic जो कार्य कर सकता है या किसी संग्रह एजेंसी या कानूनी फ़र्म को करने के लिए अधिकृत कर सकता है, उनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- ऐसी कार्रवाइयां जिनमें कानूनी या न्यायिक प्रक्रिया की ज़रूरत होती है, उनमें ये चीज़ें शामिल हैं (लेकिन इसके अलावा अन्य चीज़ें भी हो सकती हैं):
  - रोगी या ज़िम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ़ कानूनी कार्रवाई या मुकदमा शुरू करना;
  - अदालत का फ़ैसला सुरक्षित करने के बाद किसी व्यक्ति की तनख्वाह कम करना;
  - अदालत का फ़ैसला आने के बाद किसी व्यक्ति के बैंक खाते, अन्य व्यक्तिगत संपत्ति या राज्य कानून के तहत हुए अन्य फ़ैसले की कार्रवाई को कुर्क करना या ज़ब्त करना;
  - अदालत की तरफ़ से फ़ैसला सुरक्षित करने के बाद, किसी व्यक्ति की संपत्ति पर अधिकार जताना, किसी व्यक्ति को शारिरिक चोट लगने के बाद स्वास्थ्य लाभ, निपटान, समझौते या फ़ैसले के खिलाफ़ अधिकार जताने को भी असाधारण संग्रहण कार्रवाई (ECA) नहीं माना जाता.

किसी रोगी का खाता, संग्रह एजेंसी के पास रखना कोई असाधारण संग्रहण कार्रवाई (ECA) नहीं है.

## Mayo Clinic से जुड़े अस्पताल उन रोगियों की पहचान करने के लिए पूरी कोशिश करेगा, जिन्हें वित्तीय सहायता की ज़रूरत हो सकती है

Mayo Clinic, अस्पताल की तरफ़ से की गई देखभाल का भुगतान लेने के लिए, ECA करने से कम से कम 30 दिन पहले उन लोगों को यहां बताए गए तरीकों से जानकारी देगा कि वित्तीय सहायता उपलब्ध है:

1. व्यक्ति को एक लिखित सूचना प्राप्त होगी जिसमें यह बताया जाएगा कि पात्र व्यक्तियों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध है, यह भी दर्शाया जाएगा कि Mayo Clinic देखभाल के लिए भुगतान प्राप्त करने के उद्देश्य से स्वयं पहल करने या किसी तीसरे पक्ष से पहल करवाने का इरादा रखता है और एक समय सीमा निर्धारित करता है जिसके अंतर्गत ECA क्रियान्वित किया जा सकता है, जो कि इस लिखित सूचना की तारीख से 30 दिनों के भीतर होना चाहिए.
2. इस लिखित नोटिस के साथ ही उस व्यक्ति को, वित्तीय सहायता नीति का सारांश आसान भाषा में देगा; और
3. Mayo अस्पताल की वित्तीय सहायता नीति के बारे में लोगों को मौखिक तौर पर बताने के लिए पूरी कोशिश करेगा.

## नोटिफ़िकेशन की अवधि

लागू चिकित्सा ज़रूरतों या आपातकालीन चिकित्सा देखभाल के लिए डिस्चार्ज के बाद के पहले बिल की तारीख के बाद 120 दिनों तक, अस्पताल सेवाओं के लिए ECA शुरू नहीं होंगी.

## वित्तीय सहायता के लिए आवेदन की अवधि

वित्तीय सहायता के लिए आवेदन की अवधि, चिकित्सा सेवाएं प्रदान किए जाने की तारीख से आरंभ होकर, पहले पोस्ट-डिस्चार्ज बिलिंग विवरण के 240 दिनों के बाद या अस्पताल या अधिकृत तीसरे पक्ष द्वारा ECA की लिखित सूचना मिलने के 30 दिनों के बाद समाप्त होती है, जो भी देरी से हो. Mayo Clinic से संबंधित अस्पताल वित्तीय सहायता के बारे में बड़े पैमाने पर बताते हैं और उन रोगियों की पहचान करने के लिए पूरी कोशिश करते हैं जिन्हें इसकी ज़रूरत हो सकती है. वित्तीय सहायता पाने की शर्तें और आवेदन प्रक्रिया के बारे में लागू वित्तीय सहायता नीति में बताया गया है.

अगर कोई रोगी आवेदन अवधि के दौरान अस्पताल को पूरी वित्तीय सहायता का आवेदन जमा करता है, तो Mayo ECA को रोक देगा और लागू ECA गतिविधि को फिर से शुरू करने से पहले जांच करेगा.

## ज़रूरी कोशिशों की पहचान करना

ECA शुरू करने से पहले, Mayo Clinic के रेवेन्यू साइकल के कर्मचारी यह जांच करेंगे कि वित्तीय सहायता की मांग करने वाले व्यक्ति को वित्तीय सहायता की ज़रूरत है या नहीं, यह पता करने के लिए उन्होंने पूरी कोशिश की या नहीं. Mayo Clinic रेवेन्यू कंप्लायंस ऑफ़िसर, इसकी सारांश में जानकारी देगा कि उन्होंने पूरी कोशिश की या नहीं.

## वित्तीय उम्मीदें

इस नीति और वित्तीय सहायता नीति के तहत, Mayo Clinic अपॉइंटमेंट और बिलिंग प्रक्रिया के बिल्कुल शुरुआती दौर में ही रोगियों को वित्तीय उम्मीदों के बारे में साफ बता देगा.

- रोगी की ज़िम्मेदारी होगी कि वह अपने बीमा कवरेज को समझने और बीमा लेने की प्रक्रिया में सहायता के लिए ज़रूरी दस्तावेज उपलब्ध कराएं.
- नॉन-इमरजेंसी सर्विस के लिए प्री-सर्विस डिपॉज़िट की ज़रूरत पड़ सकती है; हालांकि, इस नीति में बताई गई पैसे लेने की कोई भी कार्रवाई या तरीक़ा प्री-सर्विस डिपॉज़िट पर लागू नहीं होता. इस नीति के तहत, प्री-सर्विस डिपॉज़िटा को रोगी खाता नहीं माना जाता.
- आम तौर पर, रोगी अपनी तरफ़ से भुगतान किए जाने वाले बक़ाया पैसों का भुगतान करने के लिए ख़ुद ज़िम्मेदार होते हैं. इसमें बीमा कंपनियों या पैसे देने वाली लागू तीसरे पक्ष की तरफ से जो रकम नहीं दी जाती वह भी शामिल होती है.

## बीमा संग्रह

रोगी की तरफ़ से बताए गए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य योजनाओं या बीमा भुगतानकर्ताओं ("पेयर") से समय पर और सटीक भुगतान मिले इसके लिए, Mayo Clinic भी नीतियों और प्रक्रियाओं को बनाए रखेगा और उनका पालन करेगा. अगर Mayo Clinic को पेयर के बारे में रोगी से पूरी और सटीक जानकारी मिलती है, लेकिन रोगी समय पर आवेदन नहीं करता और पेयर देरी से की गई फाइलिंग के आधार पर आवेदने होने से इनकार कर देता है, तो रोगी को सिर्फ उसने पैसे देने होंगे जितने पैसे पेयर की तरफ से मिलने थे. हालांकि, अगर Mayo Clinic को पता चलता है कि रोगी ने समय पर आवेदन नहीं किया या गलत या अधूरी जानकारी दी है, तो रोगी को ज़िम्मेदार ठहराया जाएगा. लाइबिलिटी इंश्योरेंस, बीमा लेने के इन प्रावधान के तहत नहीं आता.

जब तक अनुबंधित पेयर के पास सेवाओं का भुगतान बक़ाया होगा, तब तक Mayo Clinic पैसा लेने वाली किसी तीसरा पक्ष एजेंसी या वकील को कोई बिल नहीं भेजेगा. अगर पेयर शुरुआत में पैसा देने से मना कर देता है या बाद में देने के लिए कहता है, तो Mayo Clinic बकाया पैसा लेने वाली किसी थर्ड-पार्टी एजेंसी या वकील को बिल भेज सकता है. अगर Mayo Clinic की किसी गलती की वजह से तीसरे पक्ष का पेयर पैसा देने के आवेदन को अस्वीकार कर देता है और इस वजह से रोगी क़र्ज़दार हो जाता है, जबकि वे पैसा उसे नहीं देना था, तो Mayo Clinic बकाया पैसा लेने वाली किसी तीसरा पक्ष एजेंसी या वकील को रोगी से बकाया बिल लेने के लिए आवेदन नहीं भेजेगा. Mayo Clinic के पास यह साबित करने का अधिकार सुरक्षित है कि कोई गलती हुई है और अगर Mayo Clinic यह बताता है कि उसने कोई गलती नहीं की, तो रोगी को पैसे देने पड़ सकते हैं. रोगी को, Mayo Clinic को अपने हेल्थ प्लान, बीमा कंपनी या तीसरे पक्ष के किसी अन्य पेयर को बिल भेजने की मंज़ूरी देने वाले दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करना होगा. साथ ही, रोगी की स्वास्थ्य योजना या बीमा कंपनी को सही बिल भेजने के लिए, अनुरोध की गई जानकारी देकर Mayo Clinic के साथ सही तरीक़े से सहयोग करना होगा.

Mayo Clinic पूरी कोशिश करता है कि वह जान-पहचान के सभी पेयर जिनके साथ उसका अनुबंध है और जिनके साथ अनुबंध नहीं हैं, उन सभी पेयर से पैसा ले सके ताकि रोगी दी गई सेवाओं का बिल भरने में उसकी मदद की जा सके.

## बकाया पैसे का खुद भुगतान करना

Mayo, रोगी की गोपनीयता और गरिमा बनाए रखते हुए, इस बात की पूरी कोशिश करेगा कि वह बकाया पैसे का भुगतान खुद रोगी से करवाने के लिए निष्पक्ष और एक जैसी सही प्रक्रिया अपनाएगा. वित्तीय सहायता उन रोगियों को दी जाएगी जिनकी आय और संपत्ति से एक तय समय के अंदर सेवाओं का पूरा भुगतान नहीं किया जा सकता.

- Mayo Clinic, बक़ाया पैसे का रोगी द्वारा ख़ुद भुगतान करने की प्रक्रियाओं और प्रक्रिया के सिलसिलेवार तरीक़े का पालन करता है और वे इस नीति के तहत होना चाहिए. Mayo Clinic और उसके सहयोगियों ने एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया बनाई है, जिसका पालन करके, रोगी बिल से जुड़े सवाल या शिकायत दर्ज कर सकते हैं. इसमें एक टोल-फ़्री फ़ोन नंबर भी दिया गया है, जिस पर रोगी कॉल कर सकते हैं और एक पता भी दिया गया जिस पर पत्र लिखकर भेज सकते हैं. Mayo Clinic की तरफ़ से रोगी को भेजे गए सभी बिल और नोटिस पर, फ़ोन नंबर और पता दिया गया होता है. Mayo Clinic रोगी द्वारा इस नंबर पर की गई कॉल का जितनी जल्दी हो सकेगा उतनी जल्दी जवाब देने की पूरी कोशिश करेगा, लेकिन किसी भी स्थिति में कॉल आने के पांच कामकाजी दिनों के बाद जवाब नहीं दिया जाएगा.
- Mayo Clinic भुगतान करने के वाजिब तरीकों की छूट दे सकता है, जैसे कि बचे हुए पैसों का छह महीने में भुगतान करना.
- अगर किसी रोगी ने अन्य सेवाएं ली हैं और उसपर अन्य पैसा बक़ाया है, तो रोगी की भुगतान करने की क्षमता के आधार पर Mayo को रोगी के मौजूदा पेमेंट प्लान को बढ़ाना होगा.

## संग्रह एजंसी

पैसे लेने और भुगतान के सभी विकल्प खत्म हो जाने के बाद ही, तीसरे पक्ष की संग्रह एजेंसियों और कानूनी फ़र्म की सूची बनाई जाएगी. एजेंसियां उन खातों के बारे में बताकर मदद कर सकती हैं जिनमें रोगी भुगतान नहीं करना चाहते, जरूरी भुगतान नहीं कर रहे या अपने चैरिटी केयर के अनुरोध के लिए ज़रूरी वित्तीय और अन्य तरह का डेटा नहीं देना चाहते.

- बकाया रकम लेने वाली एजेंसी के कर्मचारी रोगी की गोपनीयता और व्यक्तिगत गरिमा को बनाए रखेंगे. सारी एजंसियां, स्वास्थ्य जानकारी को संभालने के लिए HIPAA की सभी शर्तें पूरी करेंगी.
- बक़ाया रक़म लेने वाली किसी एजेंसी को रेफर करने के लिए खाते की समीक्षा करते समय, ज़िम्मेदार व्यक्ति इसकी पुष्टि करेंगे कि:
  - रोगी पर उधार बाक़ी है, इसके लिए ठोस सबूत हैं.
  - भुगतान करने वाले जान-पहचान के सभी लोगों को सही तरीके से बिल दिया गया है, ताकि कोई भी बकाया रकम सिर्फ रोगी की ज़िम्मेदारी हो. जब रोगी ने यह कह दिया कि वह क़र्ज़ की पूरी रक़म को एक बार में अदा नहीं कर सकता, तो किसी दूसरे पेमेंट प्लान के बारे में सोचना होगा. बशर्ते कि रोगी, Mayo Clinic को एक बार में पूरा पैसा न दे पाने के सिलसिले में ज़रूरी पुष्टि करवा सके.
  - रोगी को वित्तीय सहायता के लिए आवेदन जमा करने का पूरा मौका दिया जाएगा. अगर किसी रोगी का बीमा नहीं है या वह मेडिकल इलाज करवा रहा है या ज़रूरत का कोई और इलाज ले रहा है, तो उस केस पर ख़ास ध्यान देने की ज़रूरत है.
- अगर कोई रोगी किसी खाते की बक़ाया रक़म लेने की गतिविधि शुरू होने से ठीक पहले वित्तीय सहायता के लिए पूरा आवेदन जमा करता है, तो Mayo Clinic ईसीए को तब तक रोक देगा जब तक कि रोगी की आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती और रोगी को Mayo Clinic के फ़ैसले के बारे में बता नहीं दिया जाता.
- Mayo Clinic और उसके तीसरा पक्ष पार्टनर, रोगी के मेडिकल क़र्ज़ की रिपोर्ट क्रेडिट नहीं करते.
- Mayo Clinic रोगी का बकाया कर्ज़ नहीं बेचता.

## कानूनी कार्रवाई

Mayo Clinic उन रोगियों के ख़िलाफ़ कानूनी कार्रवाई कर सकता है जो मेडिकल सेवाओं से संबंधित बीमा भुगतान या पैसों को अपने पास रखते हैं. साथ ही, उन रोगियों पर भी कानूनी कार्रवाई करेगा जो बिल का भुगतान करने से मना करते हैं और जिन्हें वित्तीय सहायता की ज़रूरत नहीं है या जिन्होंने बकाया पैसा लेने की प्रक्रिया में सहयोग नहीं किया. कानूनी कार्रवाई और मुकदमा चलाने की कार्रवाई इन चीज़ों के आधार पर की जाएगी:

- मेडिकल क़र्ज़ की वसूली के लिए रोगी के खिलाफ़ कानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया हर केस के लिए अलग होगी.
- मेडिकल क़र्ज़ वसूलने के लिए किसी रोगी के ख़िलाफ़ क़ानूनी कार्रवाई तब तक शुरू नहीं की जाएगी, जब तक कि Mayo Clinic यह नहीं पता लगा लेता कि:
  - रोगी पर क़र्ज़ बाकी होने के लिए ठोस सबूत हैं;
  - जान-पहचान के सभी पेयर को सही तरीके से बिल दिया गया है;
  - जब रोगी ने यह कहा कि वह क़र्ज़ की पूरी रकम को एक बार में अदा नहीं कर सकता, तो Mayo Clinic ने रोगी को किसी दूसरे पेमेंट प्लान के बारे में बताया. अगर तथ्यों और परिस्थितियों से पता चलता है कि रोगी को वित्तीय सहायता मिल सकती है, तो रोगी को वित्तीय सहायता के लिए आवेदन जमा करने का पूरा मौका दिया गया. इसमें यह भी शामिल है कि रोगी का बीमा नहीं है या उसका नाम मेडिकल असिस्टेंस की सूची में है या ज़रूरत के आधार पर उसे कोई अन्य राहत मिलनी चाहिए.

## संग्रह गतिविधियां समाप्त करना

अगर खातों को बकाया पैसा लेने वाली किसी एजेंसी या क़ानूनी फर्म के पास भेजा गया है, तो यहां बताई गई स्थितियों के आधार पर उन्हें Mayo Clinic को वापस कर दिया जाता है:

- बकाया रकम चुकता हो गई मतलब कि आवेदन किए गए पैसों का भुगतान कर दिया गया.
  - उन शुल्क से जुड़े खातों को Mayo Clinic के बिलिंग सिस्टम में "बंद" के रूप में मार्क कर दिया गया और आगे पैसा लेने की कोई गतिविधि नहीं की गई.
- यह मान लिया गया कि बक़ाया रक़म डूब गई, जिसका मतलब है कि क़र्ज़ वापस लेने की सभी कोशिशें नाकाम रहीं.
  - उन शुल्क से जुड़े खातों को Mayo Clinic के बिलिंग सिस्टम में "रक़म डूब गई" के रूप में मार्क कर दिया गया और आगे पैसा लेने की कोई गतिविधि नहीं की गई.
  - इसके बाद भी, रक़म डूब गई के तौर पर मार्क किए गए क़र्ज़ का पैसा लिया जा सकता है.
  - रक़म डूब गई के तौर पर मार्क किए गए क़र्ज़ के पैसे के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध है.

## लागू करना

यह Mayo Clinic की नीति है, लागू गवर्निंग बोर्ड और Mayo Clinic के बोर्ड ऑफ़ ट्रस्टीज़, बक़ाया पैसा लेने वाले सभी कर्मचारियों, एजेंसियों और वकीलों पर यह नीति लागू होगी. रोगी से मेडिकल बिल का बक़ाया पैसा लेने के लिए ज़िम्मेदार कर्मचारियों, एजेंसियों और वकीलों और उनके संबंधित एजेंटों और कर्मचारियों द्वारा किसी भी तरह की अपमानजनक, परेशान करने वाली या भ्रामक भाषा या व्यवहार को सुधारात्मक कार्रवाई प्रक्रियाओं से जवाब दिया जाएगा.

## एक समान अवसर

बक़ाया रक़म लेने की प्रक्रिया में Mayo Clinic कई संघीय और राज्य क़ानूनों को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध है, जो जाति, लिंग, उम्र, धर्म, राष्ट्रीय मूल, वैवाहिक स्थिति, यौन रुझान, विकलांगता, सैन्य सेवा या संघीय, राज्य या स्थानीय कानून द्वारा सुरक्षित किसी अन्य वर्गीकरण के आधार पर भेदभाव नहीं होने देती.

## गोपनीयता

Mayo Clinic के सभी कर्मचारी रोगी की गोपनीयता और व्यक्तिगत गरिमा को बनाए रखेंगे. Mayo Clinic व्यक्तिगत स्वास्थ्य जानकारी को संभालने के लिए HIPAA की सभी शर्तें पूरी करेगा.

## संबंधित दस्तावेज़

वित्तीय सहायता
आसान भाषा में नीति का सारांश
वित्तीय सहायता के लिए आवेदन